राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–105/2023

राज्यपाल ने बिहार दिवस के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई दी

पटना, 21 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार दिवस (22 मार्च, 2023) के अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं प्रवासी बिहारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि बिहार लोकतंत्र की जननी तथा ज्ञान, साधना, अहिंसा, करूणा एवं प्रेम की पावन भूमि है। इसी कारण यह देवभूमि भी है। इस राज्य की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है तथा भारत के निर्माण एवं विकास में इसका अद्वितीय योगदान रहा है।

राज्यपाल ने बिहार दिवस के पावन अवसर पर समस्त राज्यवासियों से बिहार के गौरव को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेते हुए इस राज्य एवं देश के समग्र विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आवाहन किया है।

....